प्रभात खबर

# झारखंड में दूध की गाड़ी से नकली अंग्रेजी शराब की हो रही थी तस्करी, दो लाख की शराब के साथ वैन जब्त, दो को जेल




गांडेय (गिरिडीह)-दूध की गाड़ी में छिपाकर नकली शराब का कारोबार करनेवाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है. वाहन में अवैध अंग्रेजी शराब की खेप बिहार ले जाने की गुप्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, इंस्पेक्टर कमाल खान, अहिल्यापुर थाना प्रभारी गुलाम गौस हुस्सानी, गांडेय थाना प्रभारी आनंद प्रकाश सिंह, ताराटांड़ थाना प्रभारी सुशांत कुमार चिरंजीवी व अन्य पुलिस टीम ने मंगलवार की रात करीब एक बजे अहिल्यापुर थाना गेट के समीप विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाकर सफलता हासिल की. बुधवार को एसडीपीओ जीतवाहन उरांव ने अहिल्यापुर थाने में प्रेस कांफ्रेस कर पूरे मामले की जानकारी दी.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/giridih/fake-english-liquor-smuggled-in-milk-van-2-sent-to-jail-van-seized